षोडश माला, खंड 11, अंक 7

गुरुवार, 30 जुलाई, 2015
8 श्रावण, 1937 (शक)

# लोक सभा वाद-विवाद

## (हिन्दी संस्करण)

## पांचवां सत्र

## (सोलहवीं लोक सभा)

*(खंड 11 में अंक 1 से 10  तक हैं)*

## लोक सभा सचिवालय

## नई दिल्ली

***सम्पादक मंडल***

उत्पल कुमार सिंह
**महासचिव**
**लोक सभा**

ममता केमवाल
**संयुक्त सचिव**

अमर सिंह
**निदेशक**

बसन्त प्रसाद
**संयुक्त निदेशक**

**© 2015 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय**

लोक सभा सचिवालय की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी भी सामग्री की न तो नकल की जाए और न ही पुन: प्रतिलिपि तैयार की जाए, साथ ही उसका वितरण, पुन: प्रकाशन, डाउनलोड, प्रदर्शन तथा किसी अन्य कार्य के लिए इस्तेमाल अथवा किसी अन्य रूप या साधन द्वारा प्रेषण न किया जाए, यह प्रतिबंध केवल इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोप्रति, रिकॉर्डिंग आदि तक ही सीमित नहीं है। तथापि, इस सामग्री का केवल निजी, गैर-वाणिज्यिक प्रयोग हेतु प्रदर्शन, नकल और वितरण किया जा सकता है बशर्ते कि सामग्री में किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए और सभी प्रतिलिप्यधिकार (कॉपीराइट) तथा सामग्री में अंतर्विष्ट अन्य स्वामित्व संबंधी सूचनाएं सुरक्षित रहें।

---

**लोक सभा वाद-विवाद के हिन्दी संस्करण का अनुवाद कृत्रिम मेधा (**Artificial Intelligence**) आधारित सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन की सहायता से किया गया है और सटीक अनुवाद उपलब्ध कराने के लिए यथोचित प्रयास किए गए हैं। तथापि,** हिन्दी संस्करण में सम्मिलित मूल हिन्दी कार्यवाही ही प्रामाणिक मानी जाएगी। इसमें सम्मिलित मूलत: अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में दिए गए भाषणों का हिन्दी अनुवाद प्रामाणिक नहीं माना जाएगा। पूर्ण प्रामाणिक संस्करण के लिए कृपया लोक सभा वाद-विवाद का मूल संस्करण देखें।

# विषय-सूची

**षोडश माला, खंड 11, पांचवां सत्र, 2015 / 1937 (शक)**
**अंक 7, गुरुवार, 30 जुलाई, 2015 / 8 श्रावण, 1937 (शक)**


| **विषय** | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| **निधन संबंधी उल्लेख** | 6-8 |
| **अध्यक्ष द्वारा घोषणा** | 9 |
| **प्रश्नों के लिखित उत्तर** | 10 |

तारांकित प्रश्न संख्या 122 से 141 (29.07.2015)
142 से 161 (30.07.2015)

अतारांकित प्रश्न संख्या 1381 से 1610 (29.07.2015)
1611 से 1840 (30.07.2015)

# लोक सभा के पदाधिकारी

## अध्यक्ष

श्रीमती सुमित्रा महाजन

## उपाध्यक्ष

डॉ. एम. तंबिदुरै

## सभापति तालिका

श्री अर्जुन चरण सेठी

श्री हुक्मदेव नारायण यदव

श्री आनंदराव अडसुल

श्री प्रह्लाद जोशी

डॉक्टर रत्ना डे (नाग)

श्री रमेन डेका

श्री कोनाकल्ला नारायण राव

श्री हुकुम सिंह

श्री के.एच. मुनियप्पा

डॉक्टर पी. वेणुगोपाल

## महासचिव

श्री अनूप मिश्र

लोक सभा

----------

<u>गुरुवार, 30 जुलाई, 2015 / 8 श्रावण, 1937 (शक)</u>

लोक सभा पूर्वाह्न ग्यारह बजे समवेत हुई।

[**माननीय अध्यक्ष** *पीठासीन हुईं*]

## निधन संबंधी उल्लेख

[हिन्दी]

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को तीन भूतपूर्व सदस्यों श्री श्रीवल्लभ पाणिग्राही, श्री आर.एस. गवई और श्री विजय हांडिक के दुःखद निधन के बारे में सूचित करना है।

**श्री श्रीवल्लभ पाणिग्राही** ओडिशा के देवगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

एक सुयोग्य संसदविद्, श्री पाणिग्राही ने दसवीं लोक सभा के दौरान पैट्रोलियम और उर्वरक सम्बन्धी स्थायी समिति के सभापति के रूप में कार्य किया। उन्होंने आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं लोक सभा के दौरान विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।

श्री पाणिग्राही वर्ष 1971 से वर्ष 1977 तक दो कार्यकाल के लिए ओडिशा विधान सभा के सदस्य भी रहे। उन्होंने ओडिशा सरकार में वर्ष 1972 से 1977 तक विभिन्न मंत्रालयों में मंत्री के रूप में कार्य किया।

श्री श्रीवल्लभ पाणिग्राही का निधन 74 वर्ष की आयु में 8 जुलाई, 2015 को बेंगलूरू में हुआ।

**श्री आर.एस. गवई** बारहवीं लोक सभा के सदस्य थे और उन्होंने महाराष्ट्र के अमरावती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्य किया।

उन्होंने वर्ष 2000 से 2006 तक राज्य सभा के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।

एक सम्मानित संसदविद, श्री गवई बारहवीं लोक सभा के दौरान शहरी और ग्रामीण विकास सम्बन्धी समिति के सदस्य भी रहे।

इससे पूर्व, श्री गवई वर्ष 1964 से 1994 तक पांच बार महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य रहे। वे वर्ष 1978 से 1984 तक महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति रहे थे तथा उन्होंने वर्ष 1968 से 1978 तक दो

कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधान परिषद के उप सभापति के रूप में भी कार्य किया। वे वर्ष 1986 से 1988 तक महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता थे।

श्री गवई ने वर्ष 2006 से 2008 तक बिहार के राज्यपाल के रूप में कार्य किया और 2008 से 2011 तक वे केरल के राज्यपाल रहे। वे वर्ष 2006 में सिक्किम के कार्यवाहक राज्यपाल भी थे।

श्री आर.एस. गवई का 86 वर्ष की आयु में 25 जुलाई, 2015 को नागपुर में निधन हो गया।

**श्री विजय हाण्डिक** वर्ष 1991 से 2014 तक असम के जोरहाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दसवीं से पंद्रहवीं लोक सभाओं के सदस्य थे।

श्री हाण्डिक पन्द्रहवीं लोक सभा के दौरान खान और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री थे। उन्होंने चौदहवीं लोक सभा के दौरान रक्षा, संसदीय कार्य, रसायन और उर्वरक तथा खान मंत्रालयों में राज्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया।

इससे पूर्व श्री हाण्डिक वर्ष 1980 से 1986 तक राज्य सभा के सदस्य थे और वर्ष 1972 से 1976 तक असम विधान सभा के सदस्य थे। श्री हाण्डिक दसवीं से तेरहवीं लोक सभाओं के दौरान रेल आभिसमय समिति के सभापति और विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

विद्वान श्री हाण्डिक ने 'द अदर साइड ऑफ द मिरर' और 'अमेरिकन पोएटरी एन्थालाजी' शीर्षक से अमेरिकी काव्य संकलन में कविताएं भी प्रकाशित की।

श्री विजय हाण्डिक का निधन 80 वर्ष की आयु में 26 जुलाई, 2015 को जोरहाट, असम में हो गया।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और अपनी ओर से और सभा की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

**माननीय सदस्यगण,** प्राप्त सूचना के अनुसार 27 जुलाई, 2015 को पंजाब के गुरदासपुर में एक पुलिस थाने और एक बस पर हुए आतंकवादी हमले में पुलिस अधीक्षक श्री बलजीत सिंह और होम गार्ड के तीन कर्मी

सर्वश्री सुखदेव सिंह, बोध राज और देस राज शहीद हुए और 17 अन्य घायल हो गए। श्री बलजीत सिंह के पिता भी आतंकी कार्रवाई में शहीद हुए थे।

सभा इस आतंकी हमले की घोर निंदा करती है और शोक संतप्त परिवारों और घायलों को हुए कष्ट और पीड़ा पर अपना गहरा दुःख व्यक्त करती है। इस हमले में और भी जो दिवंगत आत्माएं हैं, सभी दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए सभा मौन खड़ी रहेगी।

**पूर्वाह्न 11.07 बजे**

*तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।*

---

**<u>पूर्वाह्न 11.07 ½ बजे</u>**

**अध्यक्ष द्वारा घोषणा**

[अनुवाद]

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, हमारे पूर्व राष्ट्रपति श्री ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का अंतिम संस्कार, रामेश्वरम में किया जा रहा है। सम्मानस्वरुप, सभा कल, 31 जुलाई, 2015 को पूर्वाह्न 11:00 बजे पुनः समवेत होने के लिए आज स्थगित की जाती है।

---

**माननीय अध्यक्ष :** सभा कल पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

**<u>पूर्वाह्न 11.08 बजे</u>**

*तत्पश्चात् लोक सभा शुक्रवार, 31 जुलाई, 2015 / 9 श्रावण, 1937 (शक) के पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।*

---

# [1]*प्रश्नों के लिखित उत्तर

(तारांकित प्रश्न संख्या 122 से 141 (29.07.2015) 142 से 161 (30.07.2015)
अतारांकित प्रश्न संख्या 1381 से 1610 (29.07.2015) 1611 से 1840 (30.07.2015))

[1]* प्रश्नों और उनके उत्तरों के लिए ग्रंथालय में रखी गई वाद-विवाद के हिन्दी संस्करण की मास्टर-प्रति का संदर्भ लें। प्रश्नों और उनके उत्तरों के संबंध में अधिक जानकारी हेतु आप इस लिंक पर जाए। https://sansad.in/ls/hi/questions/questions-and-answers
इस लिंक के खुलने के बाद लोक सभा का चयन करें, फिर सत्र का चयन करें तत्पश्चात् फ़िल्टर में जाकर वाद-विवाद की तारीख का चयन करने के पश्चात् इसे लागू करें।

# <u>इंटरनेट</u>

लोक सभा की सत्रावधि के प्रत्येक दिन के वाद-विवाद का मूल संस्करण, अंग्रेजी संस्करण और हिन्दी संस्करण भारतीय संसद की निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध हैं*:*

https://sansad.in/ls

**लोक सभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण**

लोक सभा की संपूर्ण कार्यवाही का संसद टी.वी. चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाता है। यह प्रसारण सत्रावधि में प्रतिदिन प्रातः 11.00 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से लेकर उस दिन की कार्यवाही समाप्त होने तक होता है।

**© 2015 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय**

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों (सत्रहवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अन्तर्गत प्रकाशित